## INDIA NON JUDICIAL

# Government of Uttar Pradesh

### e-Stamp

सत्यमेव जयते

Signature........
ACC Name: NIKHIL SHARMA
ACC CODE: UP14785004
Licence No: 230
ACC ADDRESS: Collectary Kachahri
Tehsil & District: Sadar, Gorakhpur

| | | |
|---|---|---|
| Certificate No. | : | IN-UP57628715825622V |
| Certificate Issued Date | : | 14-Mar-2023 04:50 PM |
| Account Reference | : | NEWIMPACC (SV)/ up14785004/ GORAKHPUR SADAR/ UP-GRK |
| Unique Doc. Reference | : | SUBIN-UPUP14785004092780849147 74V |
| Purchased by | : | CRDPG COLLEGE GORAKHPUR |
| Description of Document | : | Article 5 Agreement or Memorandum of an agreement |
| Property Description | : | Not Applicable |
| Consideration Price (Rs.) | : | |
| First Party | : | CRDPG COLLEGE GORAKHPUR |
| Second Party | : | LAW AND LEGAL SERVICES TRUST |
| Stamp Duty Paid By | : | CRDPG COLLEGE GORAKHPUR |
| Stamp Duty Amount(Rs.) | : | 10 (Ten only) |

Please write or type below this line

15/3/23
प्राचार्या
चन्द्रकान्ति रमावती देवी आर्य महिला
पी० जी० कालेज,गोरखपुर

LAW & LEGAL SERVICES TRUST
लॉ एंड लीगल सर्विसेज ट्रस्ट
Administrative Office / प्रशासनिक कार्यालय
Shop No. 30, M.P. College Building, Zila Parishad Road,

Statutory Alert:
1. The authenticity of this Stamp certificate should be verified at 'www.shcilestamp.com' or using e-Stamp Mobile App of Stock Holding. Any discrepancy in the details on this Certificate and as available on the website / Mobile App renders it invalid.
2. The onus of checking the legitimacy is on the users of the certificate.
3. In case of any discrepancy please inform the Competent Authority.

# Memorandum of Understanding
# समझौता ज्ञापन

यह समझौता ज्ञापन आज दिनांक 15/03/2023 को गोरखपुर (उत्तर प्रदेश) में ;

**चन्द्रकान्ति रामावती देवी आर्य महिला पीजी कॉलेज,** दीवान बाज़ार, गोरखपुर (उत्तर प्रदेश) जरिये प्रधानाचार्य / प्रबंधक (अधिकृत हस्ताक्षरी) जिन्हें इसके बाद **प्रथम पक्ष** कहा जाएगा ;

एवं

**लॉ एंड लीगल सर्विसेज़ ट्रस्ट, (भारतीय न्यास अधिनियम, 1882 के अधीन पंजीकृत एक न्यास),** केन्द्रीय कार्यालय स्थित – 30, एम०पी० कॉलेज बिल्डिंग, जिला परिषद रोड, गोलघर, गोरखपुर (उत्तर प्रदेश) जरिये प्रधान न्यासी एवं अध्यक्ष न्यासीमण्डल श्री कुमार गौरव श्रीवास्तव जिन्हें इसके बाद **द्वितीय पक्ष** कहा जाएगा ;

के मध्य आपसी वार्ता, समझौते और सहमति के आधार पर उभयपक्ष द्वारा हस्ताक्षरित और निष्पादित किया जा रहा है।

चूंकि प्रथम पक्ष महानगर गोरखपुर में संचालित एक प्रतिष्ठित अकादमिक संस्था है जिसके द्वारा अकादमिक क्षेत्र में उल्लेखनीय पाठ्यक्रमों के अंतर्गत मान्यताप्राप्त विविध उपाधि कार्यक्रमों का पठन पाठन पूर्ण करवाया जाता है ;

और भी चूंकि द्वितीय पक्ष महानगर गोरखपुर में सृजित एवं पंजीकृत एक प्रतिष्ठित न्यास है जिसके द्वारा विधिक, सामाजिक, अकादमिक, सांस्कृतिक एवं व्यावहारिक शोध एवं प्रशिक्षण आदि के क्षेत्र में लोकोपकारी कार्य किया जाता है ;

---

**Signature of Parties**

15/3/23
प्राचार्या
चन्द्रकान्ति रमावती देवी आर्य महिला
पी० जी० कालेज, गोरखपुर

LAW & LEGAL SERVICES TRUST
लॉ एंड लीगल सर्विसेज ट्रस्ट
Administrative Office / प्रशासनिक कार्यालय
Shop No. 30, M.P. College Building, Zila Parishad Road,
शॉप नम्बर ३०, एम.पी. कॉलेज बिल्डिंग, जिला परिषद रोड,
Golghar, Gorakhpur (U.P.) - 273001

और भी चूंकि उभयपक्ष आपस में संपर्क, सहयोग, समन्वय और सहकार की भावना से अपने अपने लक्षित सामाजिक उद्देश्यों की पूर्ति हेतु कल्याणकारी गतिविधियों के संचालन द्वारा योग्य मानव संसाधन के निर्माण हेतु प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए एक साथ कार्य करने की इच्छा रखते हैं ;

अतएव उभयपक्ष द्वारा अधोवर्णित सिद्धांतों, बातों एवं शर्तों पर यह समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित और निष्पादित किया जाता है :

1. यह कि उभयपक्ष मिलकर प्रथम पक्ष के अकादमिक परिसर में अध्ययनरत छात्रों एवं पूर्व छात्रों तथा अन्य विद्यार्थियों के कल्याणार्थ विविध प्रकल्पों, गतिविधियों, कार्यक्रमों आदि का आपसी सहयोग व समन्वय से संचालन करेंगे ।
2. यह कि प्रथम पक्ष द्वितीय पक्ष को उनके द्वारा संचालित की जाने वाली गतिविधियों, कार्यक्रमों, प्रकल्पों आदि के सम्बन्ध में अपना पूर्ण सहयोग व समन्वय प्रदान करेंगे तथा उनके द्वारा अपेक्षित स्थान, भौतिक सामग्रियां एवं व्यवस्थाएं आदि आवश्यकता पड़ने पर उपलब्ध करवाएंगे ।
3. यह कि द्वितीय पक्ष द्वारा प्रथम पक्ष के अकादमिक परिसर में एवं उनके संयुक्त तत्वावधान में विविध प्रकार की अकादमिक, सामाजिक, विधिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ, कार्यक्रम, प्रकल्प आदि का संचालन निश्चित अंतराल पर किया जाता रहेगा और प्रथम पक्ष की अपेक्षा पर उन्हें हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा ।
4. यह कि उभयपक्ष इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत की जाने वाली कोई भी गतिविधि, कार्यक्रम, प्रकल्प आदि का संचालन विशुद्ध अलाभकारी रीति से करेंगे जिसका मुख्य उद्देश्य लोक कल्याण होगा ।
5. यह कि उभयपक्ष द्वारा इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत संचालित किये जाने वाले किसी भी कार्यक्रम, गतिविधि, प्रकल्प आदि के सम्बन्ध में दस्तावेजीकरण की समस्त प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ पूरी की जायेगी ।
6. यह कि उभयपक्ष द्वारा इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत संचालित किये जाने वाले किसी भी कार्यक्रम, गतिविधि, प्रकल्प आदि के सम्बन्ध में होने वाले बाह्य संसाधनों अथवा व्यवस्थाओं के व्यय का सम्पूर्ण भार प्रथम पक्ष वहन करेंगे

15/3/23
प्राचार्या
चन्द्रकान्ति रमावती देवी आर्य महिला
पी० जी० कालेज, गोरखपुर

**Signature of Parties**

LAW & LEGAL SERVICES TRUST
लॉ एंड लीगल सर्विसेज ट्रस्ट
Administrative Office / प्रशासनिक कार्यालय
Shop No. 30, M.P. College Building, Zila Parishad Road, Golghar, Gorakhpur (U.P.) - 273001

जबकि दस्तावेजी कार्यों, प्रमाणपत्रों एवं कार्यालयी कार्यों के व्यय का भार द्वितीय पक्ष वहन करेंगे।

7. यह कि उभयपक्ष को आपसी सहमति से इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत संचालित किये जाने वाले किसी भी कार्यक्रम, गतिविधि, प्रकल्प आदि के सम्बन्ध में नियम, परियोजना, मानक अनुपालन प्रक्रिया तथा अनुपालन संबंधी नियमावली आदि बनाने का पूरा अधिकार होगा और वे आपसी सहमति से उनमें परिवर्तन, परिवर्धन, निरस्तीकरण या नवीनीकरण आदि कर सकेंगे।

8. यह कि इस समझौता ज्ञापन की अवधि निष्पादन की तिथि से एक वर्ष पर्यन्त होगी।

9. यह कि इस समझौता ज्ञापन को दोनों पक्षों में से कोई भी पक्ष आपसी सहमति से किसी भी समय लिखित सूचना/पत्राचार द्वारा निरस्त कर सकते हैं।

10. यह कि उभयपक्ष द्वारा इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत संचालित किये जाने वाले किसी भी कार्यक्रम, गतिविधि, प्रकल्प आदि के सम्बन्ध में किसी प्रकार का विवाद होने पर सिविल कार्रवाइयों के सम्बन्ध में कोई कार्रवाई न्यायालयी प्रक्रिया के अंतर्गत नहीं की जायेगी, बल्कि मध्यस्थता और सुलह समझौते से ही निपटाई जायेगी, किन्तु आपराधिक कार्रवाइयों के सम्बन्ध में स्थापित विधिक प्रक्रिया का ही अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

उपर्युक्त के साक्ष्य स्वरूप उभयपक्ष पूर्ण चैतन्यता में शुद्ध भावना से उपर्युक्त वर्णित बातों, सिद्धांतों एवं शर्तों पर अपनी सहमति एवं प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए इस समझौता ज्ञापन को निष्पादित करते हैं।

दिनांक : 15|03|2023 स्थान : गोरखपुर (उत्तर प्रदेश)

| | |
|---|---|
| हस्ताक्षर अधिकृत हस्ताक्षरी | हस्ताक्षर अधिकृत हस्ताक्षरी |
| प्रथम पक्ष | द्वितीय पक्ष |

15/3/23

प्राचार्या
चन्द्रकान्ति रमावती देवी आर्य महिला
पी० जी० कालेज, गोरखपुर

**Signature of Parties**

LAW & LEGAL SERVICES TRUST
लॉ एंड लीगल सर्विसेज ट्रस्ट
Administrative Office / प्रशासनिक कार्यालय
Shop No. 30, M.P. College Building, Zila Parishad Road,
शॉप नम्बर 30, एम.पी. कालेज बिल्डिंग, जिला परिषद रोड,